परेशानी | चोरी और असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों से लोग परेशान

# बिरसा मुंडा वार्ड में पुलिस पेट्रोलिंग की कमी



**जबलपुर, नवभारत।** शहर में स्थित महाराजपुर बिरसा मुंडा वार्ड में नियमित पुलिस पेट्रोलिंग नहीं होने से स्थानीय लोगों में असुरक्षा का माहौल बन गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त न के बराबर रहती है, जिसके चलते चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं और संदिग्ध लोग बेखौफ घूमते नजर आते हैं स्थानीय निवासियों का यह भी कहना है कि वार्ड में अंधेरा रहने और निगरानी व्यवस्था कमजोर होने से अज्ञात लोगों की आवाजाही देखने को मिल रही है।

### स्ट्रीट लाइटें नहीं !

बिरसा मुंडा वार्ड की सड़को पर स्ट्रीट लाइटें नहीं रहने से रात के वक्त सड़को पर अंधेरा छाया रहता है। इसका फायदा उठाकर सड़को पर घूमने वाले असामाजिक तत्व सड़को के किनारे अनैतिक गतिविधियों को भी अंजाम देते देखें जा सकते है। यही नहीं सड़को पर अंधेरा रहने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी यहाँ रहने वाली महिलाओं और बच्चों को होती है। रात के वक्त महिलाएं और बच्चे अपने घरों से निकलने में अब कतराने लगे हैं।

### इनका कहना है



मै बिरसा मुंडा वार्ड का निवासी हूं और यहां रात के समय पेट्रोलिंग होना बहुत जरूरी है। रात के समय अज्ञात लोगों का आना जाना काफी बढ़ गया है।

**एमएस पटेल**



अगर रात के समय रोज़ पेट्रोलिंग हो, तो बच्चों और महिलाएँ बाहर निकलने में ज्यादा सुरक्षित महसूस करेगी।

**माही पासी**

## सूने घर का टूटा ताला जेवर, नकदी चोरी

**जबलपुर**। अधारताल में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात, नकदी पार कर दी। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब परिवार शादी समारोह में शामिल होने गया था। पुलिस के मुताबिक संतकुमार लोधी 55 वर्ष निवासी अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह परिवार सहित शादी समारोह में संजय नगर अपनी बहन के यहां गया था वहां से कटनी बारात में चला गया था दोपहर लगभग 2-30 बजे परिवार सहित घर आकर देखा मेन गेट का ताला टूटा था अंदर जाकर देखा तो अंदर के दरवाजे के भी लॉक टूटा था कमरे में रखी आलमारी का लॉक टूटा सामान बिखरा हुआ था आलमारी में रखे सोने की पांचाली मंगलसूत्र, रिंग, नथ, लोंग, चांदी की हाफकरधन पायल व नगदी कुल कीमती लगभग 90 हजार रूपये का कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

# ओवरटेक के चक्कर में पलटी सागर जबलपुर बस, आधा दर्जन यात्री घायल



**जबलपुर**। माढ़ोताल थाना अंतर्गत नगना के पास बुधवार रात सागर से जबलपुर आ रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और बिजली के खंभे से टकराकर आधी पलट गई। इस हादसे में बस में सवार आधा दर्जन से अधिक यात्रियों को चोटें आई हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि ओवरटेक के चक्कर में हादसे हुआ।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बस क्रमांक केएल 16 एन 6570 सागर से जबलपुर की ओर आ रही थी। रात करीब 10 बजे जैसे ही बस नगना के समीप पहुँची, चालक ने सामने से आ रहे एक वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान रफ्तार तेज होने के कारण चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा। बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई और असंतुलित होकर आधी पलट गई। हादसे के वक्त 42 सीटों वाली यह बस पूरी तरह भरी हुई थी। बस के पलटते ही यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही माढ़ोताल पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद बस के भीतर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। दुर्घटना में घायल हुए आधा दर्जन से अधिक यात्रियों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, वरना बस की स्थिति को देखते हुए परिणाम और भी गंभीर हो सकते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हृदय व कैंसर यूनिट का किया जायेगा विस्तार : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने किया विराट हॉस्पिटल के ट्रीटमेंट सेंटर का वर्चुअल उद्घाटन**



**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भेड़ाघाट गोपालपुर स्थित विराट हॉस्पिटल के विश्वात्मा इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियो थैरेपी एंड ट्रीटमेंट सेंटर का वर्चुअली उद्घाटन किया। साथ ही 88.02 लाख की लागत से निर्मित 300 मीटर लंबा ब्रम्हऋषि बाबरा एप्रोच मार्ग का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विराट हॉस्पिटल की संचालिका साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी का अभिनंदन करते हुए कहा कि आपके परोपकार के संकल्प से संसार में साधना, सेवा का मार्ग हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी और डॉ. गोमास्ता के संकल्प से यह विराट हॉस्पिस, विराट हॉस्पिटल का रूप ले लिया है जिसके शुभारंभ का अवसर मिला। उन्होंने इस सेवा के लिए सभी को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुराने समय में यदा-कदा कैंसर के मरीज दिखते थे, लेकिन अब समाज में यह जाने अनजाने में बड़ी व्याधि बन गई हैं। ऐसे समय में ऐसे रोगों से निपटना ही होगा, कैंसर पीड़ित के परिजन भी इस स्थिति में कठिनाई महसूस करते हैं जहां दीदी उनकी हौसला अफजाई कर मरीजों की निःस्वार्थ सेवा करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर बड़ी संभावनाओं का शहर है, जहां दूर दराजों के लोगों की सेवा का अवसर है। साथ ही कहा कि हृदय व कैंसर की युनिट की सुविधाओं में धीरे-धीरे विस्तार कर गंभीर रोगों को दूर करने में मदद की जायेगी। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी का अभिवादन करते हुए कहा कि सभी लोग सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक आदि क्षेत्रों में सक्रिय रहते हैं, लेकिन ऐसा अवसर कम ही मिलता है कि जो सेवा को परमो धर्म समझते हैं जिसमें सभी एक साथ होते हैं।

## सिगरेट, पान गुटका, कटर चोरी

**जबलपुर**। पाटन थाने में मनिंदर सिंह बनाफल निवासी ग्राम गोविन्दपुरा जिला पटियाला पंजाब ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि इस वर्ष ग्राम रियाना में गेंहू की कटाई कर रहा है। उसकके हार्वेस्टर क्रमांक पीबी 11 डीके 1896 का कटर चोरी हो गया। इसी प्रकार कोतवाली थाने में सिद्धार्थ जैन निवासी पीएनटी कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात चोर उसकी मोटर सायकल के उपर रखी सिगरेट व पान गुटका की बोरी कीमती लगभग 70 हजार रूपये की चोरी हो गई।

### युवक की लाश मिली

**जबलपुर**। घमापुर थाना अंतर्गत शीतलामाई मंदिर के पीछे एक युवक की लाश पड़ी मिली। पुलिस के मुताबिक मुन्नालाल वंशकार निवासी प्रेमसागर चौकी के पीछे हनुमानताल ने सूचना दी कि बुधवार सुबह लगभग 9 बजे शीतलामाई मंदिर के पीछे महेन्द्र सिंह ठाकुर 50 वर्ष निवासी छुई मोहल्ला मोहल्ला बेलबाग की लाश पड़ी मिली। मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका पता नहीं चल सका है।

# वृद्ध महिला के जीवन में हुआ नया सबेरा



**आशियाना गिरा, ननि की पहल से वर्षों बाद मिला छत का सहारा**

**जबलपुर।** जबलपुर। शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के संकल्प और मानवीय संवेदनाओं के संगम से एक वृद्ध महिला के जीवन में नया सवेरा हुआ। कभी बाई के बगीचे के पास अपने स्वयं के घर में रहने वाली कला बाई राजपूत, जिनका आशियाना सालों पहले गिर गया था, नगर निगम के प्रयासों से सुरक्षित छत के नीचे पहुँच गई हैं। इस संबंध में उपायुक्त अंकिता जैन ने बताया कि घर गिरने और अपनों के सहयोग के अभाव में कला बाई पिछले कई वर्षों से ग्वारीघाट क्षेत्र में भिक्षा मांगकर अपना गुजर-बसर करने को मजबूर थीं। बेसहारा और उपेक्षित जीवन जी रही इस वृद्धा की सुध नगर निगमञ्भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान की टीम ने ली। इस रेस्क्यू और पुनर्वास अभियान में नगर निगम एवं सर्वे टीम के अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सर्वेयर टीम के सदस्यों ने कला बाई की स्थिति को समझा और उनकी काउंसिलिंग की। उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन, समग्र सुरक्षा अधिकारी तरुणा निपसिया और निगम के अन्य कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए कागजी और जमीनी कार्रवाई पूरी की। विदित हो कि शासन की मंशानुरूप एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार भिक्षावृत्ति मुक्त शहर अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

### रेडक्रॉस वृद्धाश्रम बना नया घर

आज कला बाई को पूरे सम्मान के साथ रेड क्रॉस के वृद्धाश्रम में शिफ्ट कर दिया गया है। अब उन्हें न तो भोजन की चिंता होगी और न ही खुले आसमान के नीचे सोने का डर। वृद्धाश्रम में उन्हें चिकित्सकीय सुविधा, पौष्टिक आहार और सबसे महत्वपूर्ण एक गरिमापूर्ण वातावरण मिलेगा। शहर के हर भिक्षुक का पुनर्वास हमारा लक्ष्य है। कला बाई को सुरक्षित छत मिलना इस अभियान की एक बड़ी सफलता है।

**एक नजर में**

## डिलीवरी बॉय से झपट्टा मारकर लूट

**जबलपुर**। गढ़ा थाना अंतर्गत शारदा मंदिर के पास ढलान पर तीन बदमाशों ने ऑनलाइन डिलीवरी बॉय को निशाना बना चलती गाड़ी से बैग छीना और अंधेरे का फायदा उठाकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस के मुताबिक, मांडवा बस्ती रामपुर निवासी 36 वर्षीय लकी सोनी ब्लिंकिट कंपनी में डिलीवरी पार्टनर के रूप में काम करता है। बीती रात लकी आमनपुर मदनमहल स्थित पंजाब बैंक के पास से ऑर्डर पिकअप कर अपनी मोटरसाइकिल एमपी 20 एक्स डी 3225 से सैनिक सोसायटी की ओर जा रहा था। पीड़ित ने बताया कि जैसे ही वह शारदा मंदिर ढलान रोड पर पहुँचा, वहाँ पहले से मौजूद तीन पैदल युवक उसकी ओर आए। इससे पहले कि लकी कुछ समझ पाता, उनमें से एक युवक ने झपट्टा मारकर मोटरसाइकिल पर रखा डिलीवरी बैग छीन लिया। बैग में ग्राहकों का करीब 400 रुपये मूल्य का घरेलू सामान था। बैग लूटने के बाद तीनों आरोपी तेजी से शारदा मंदिर की पहाड़ियों की तरफ भाग निकले। वारदात के बाद पीड़ित ने तुरंत थाने पहुँचकर मामले की सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि पैदल भागे बदमाशों का सुराग लगाया जा सके।

## पकड़ा गया शातिर चोर

**जबलपुर, नवभारत**। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल की पोस्ट जबलपुर ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गहन चेकिंग के दौरान जबलपुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ टीम ने मंगलवार 21 अप्रैल को एक संदिग्ध युवक को रंगे हाथों पकड़ा, जो यात्रियों का मोबाइल चोरी करने का प्रयास कर रहा था। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोहेल पिता मोहम्मद अलीम, उम्र 22 वर्ष, निवासी बड़ा मदारछल्ला, थाना हनुमानताल, जबलपुर के रूप में हुई है, जो थेफ़्ट ऑफ़ पैसेंजर बेलोंगिंग्स श्रेणी का अपराधी है।पकड़े गये शातिर अपराधी के खिलाफ कई अपराध पंजीबद्ध दर्ज हैं आरपीएफ टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए उसे जीआरपी जबलपुर को सुपुर्द किया गया, इस सराहनीय कार्यवाही में आरपीएफ पोस्ट जबलपुर के कांस्टेबल सूर्यानाथ एवं कांस्टेबल हरिकेश की विशेष भूमिका रही।



## 24 साल सेवा पूरी, फिर भी अटकी द्वितीय क्रमोन्नति

**नवभारत,जबलपुर**। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, जबलपुर ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, जबलपुर संभाग से मांग की है कि 24 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके उच्च माध्यमिक शिक्षकों की द्वितीय क्रमोन्नति (टाइम स्केल) की सूची शीघ्र जारी की जाए। संघ के अनुसार वर्ष 1998-99 में नियुक्त एवं 2011-13 में पदोन्नत शिक्षक, जो वर्तमान में उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, उनकी सभी विभागीय प्रक्रियाएं पूर्ण कर फाइलें जमा की जा चुकी हैं, फिर भी अब तक आदेश जारी नहीं हुए हैं।संघ ने बताया कि अन्य संभागों में इसी श्रेणी के शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ मिल चुका है, जबकि जबलपुर संभाग में देरी के कारण शिक्षकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इससे वेतन विसंगति की स्थिति भी बन गई है, जहां कनिष्ठ कर्मचारी वरिष्ठों से अधिक वेतन पा रहे हैं। संघ के प्रतिनिधियों देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, वीरेंद्र सिंह चंदेल, मुक्ता जैन, पारुल श्रीवास्तव, दशरथ सिंह, चंदिका प्रसाद, श्याम सुंदर प्यासी, सुनील राय, एच.एस. मरावी, पहलाद झारिया, रवि कुमार रोन्दे, मोहनलाल पटेल और एम.एस. बरकड़े ने संयुक्त संचालक से जल्द आदेश जारी करने तथा परामर्शदात्री समिति की बैठक शीघ्र बुलाने की मांग की है।

# वलसाड और उधना से दुर्गापुर के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय रेलवे 2026 के गर्मियों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए और सुगम तथा सुविधाजनक यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। इसी कड़ी में रेल प्रशासन ने वलसाड-दुर्गापुर-वलसाड व उधना-दुर्गापुर-उधना स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है ये दोनों ट्रेनें जबलपुर होकर गंतव्य को जायेगी।

### वलसाड-दुर्गापुर-वलसाड स्पेशल

गाड़ी संख्या 09143 वलसाड से दुर्गापुर स्पेशल ट्रेन 25 अप्रैल को वलसाड स्टेशन से दोपहर 12:50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी मध्यरात्रि 02:00 बजे, जबलपुर 05:30 बजे, कटनी 07:45 बजे, सतना 09:00 बजे पहुँचकर और मार्ग से होते हुए तीसरे दिन भोर 04:20 बजे दुर्गापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09144 दुर्गापुर से वलसाड स्पेशल ट्रेन 27 अप्रैल को दुर्गापुर स्टेशन से सुबह 07:00 बजे प्रस्थान कर सतना रात 22:00 बजे, कटनी 23:45 बजे, पहुँचकर अगले दिन जबलपुर मध्यरात्रि 01:50 बजे, इटारसी 05:00 बजे पहुंचकर मार्ग से होते हुए शाम 17:30 बजे वलसाड स्टेशन पहुँचेगी।इस गाड़ी में 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 12 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 01 जनरेटरकार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

### ट्रेन के हाल्ट

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में भेस्तान, नंदुरबार, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल एवं अण्डाल जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

### उधना-दुर्गापुर-उधना स्पेशल

गाड़ी संख्या 09175 उधना से दुर्गापुर स्पेशल ट्रेन 26 एवं 27 अप्रैल को उधना स्टेशन से सुबह 08:35 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए इटारसी 19:00 बजे, जबलपुर रात्रि 23:00 बजे, पहुँचकर अगले दिन कटनी मध्यरात्रि 01:00 बजे, सतना 02:45 बजे पहुँचकर और मार्ग से होते हुए रात 20:50 बजे दुर्गापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09176 दुर्गापुर से उधना स्पेशल ट्रेन 27 एवं 28 अप्रैल को दुर्गापुर स्टेशन से रात्रि 23:50 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए अगले दिन सतना 16:50 बजे, कटनी 18:45 बजे, जबलपुर रात 21:00 बजे, पहुँचकर अगले दिन इटारसी मध्यरात्रि 00:30 बजे पहुंचकर मार्ग से होते हुए दोपहर 13:30 बजे उधना स्टेशन पहुँचेगी। इस गाड़ी में 05 द्वितीय चेयरकार श्रेणी, 10 सामान्य श्रेणी एवं 01 जनरेटरकार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 17 कोच रहेंगे।

### रेल गाड़ी के ठहराव

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में नंदुरबार, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल एवं अण्डाल जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

# यात्री कृपया ध्यान दें, असुविधा के लिए हमें खेद है!



**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब पुणे सुपौल ट्रेन का ग़लत एनाउंसमेंट कंप्यूटर द्वारा कर दिया गया। हुआ कुछ ऐसा कि बुधवार दोपहर दो बजे रोज़ की तरह प्लेटफार्म क्र पाँच पर 12322 मुंबई मेल के यात्रियों की भीड़ अपनी गाड़ी का इंतज़ार कर रही थी। जो लगभग 50 मिनट की देरी से चल रही थी। इसी बीच कंप्यूटर द्वारा पुणे सुपौल एक्सप्रेस का एनाउंसमेंट प्लेटफार्म क्र पाँच पर आने का कर दिया गया। जिसको सुनते ही मुंबई मेल के यात्रियों में अफरा तफ़री मच गई। अपनी ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर आता देख यात्रियों के होश उड़ गए। तभी अपनी गलती सुधारते हुए रेलवे के अधिकारी माइक पर आए और मुंबई मेल के प्लेटफार्म क्र पाँच पर ही आने की पुष्टि की जिसके बाद यात्रियों की जान में जान आई। डर इस बात का है, किसी दिन दो पल की लापरवाही कहीं बड़े हादसे का कारण ना बन जाए !

### बदला गया प्लेटफार्म

बुधवार को पुणे से चलकर सुपौल जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के प्लेटफार्म में बदलाव किया गया। पहले इस गाड़ी को प्लेटफॉर्म नंबर पाँच पर लिया जा रहा था। जिसे बाद में बदलकर प्लेटफॉर्म क्र दो कर दिया गया।

# कांचघर मार्ग अब आम जनता के लिए खुला



**जबलपुर**। जेल के समीप स्थित बाधित कांचघर मार्ग को आम नागरिकों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। दरअसल महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की सक्रियता और प्रशासन के साथ सार्थक संवाद के बाद यह निर्णय लिया गया। विगत दिनों महापौर ने कांचघर क्षेत्र का दौरा कर निरीक्षण किया था। इस दौरान स्थानीय रहवासियों ने उन्हें बताया कि इस मार्ग के बंद होने या प्रतिबंधित होने के कारण उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती है। नागरिकों की इस जायज समस्या को महापौर ने गंभीरता से लिया और तत्काल प्रशासन के साथ इस विषय पर चर्चा शुरू की। महापौर ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा कर सुरक्षा मानकों और जनता की सुविधा के बीच समन्वय बिठाया। सार्थक चर्चा के परिणाम स्वरूप यह निर्णय लिया गया कि जनहित में इस मार्ग को निश्चित समय सीमा के लिए खोला जाए।

### सुबह 6 से 8:30 बजे तक हो सकेंगा आवागमन

प्रशासन द्वारा तय किए गए नए शेड्यूल के अनुसार प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8:30 बजे तक स्थानीय रहवासी, मॉर्निंग वॉकर्स और विद्यार्थी आवागमन कर सकेंगे।।उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व इस मार्ग को देखने खुद महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू पहुंचे थे और आज उन्होंने समस्या का समाधान निकाल लिया।

बैठक | प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं निगमायुक्त ने ली बैठक

# मास्टर प्लान : प्रतिदिन 1000 स्व-गणना का लक्ष्य



**जबलपुर।** आगामी जनगणना 2027 को अधिक सुगम, सटीक और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से आज नगर निगम मुख्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में डिजिटल सशक्तिकरण पर जोर देते हुए स्व-गणना की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी 16 चार्ज अधिकारियों को सक्रिय करते हुए निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन 1000 नागरिकों को स्व-गणना पोर्टल का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे डेटा की गोपनीयता और सटीकता सुनिश्चित हो सके।

जनगणना कार्य की संवेदनशीलता को देखते हुए इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर बल दिया गया है। निगमायुक्त ने सभी गणना कार्य 30 अप्रैल 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक और स्वास्थ्य अधिकारी को इस अभियान की रीढ़ बताया गया है, जो सीधे नागरिकों से संपर्क कर तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। स्व-गणना न केवल समय की बचत करती है, बल्कि यह देश के डिजिटल भविष्य के निर्माण में नागरिकों की सीधी भागीदारी भी सुनिश्चित करती है।

### विशेषज्ञों का मिला मार्गदर्शन

बैठक में जनगणना निदेशालय, भोपाल के अधिकारी अशोक चौबे और मास्टर ट्रेनर मनोज नाथानी ने तकनीकी बारीकियों पर प्रकाश डाला। जिला पर्यवेक्षक सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेन्द्र कुमार चौहान, मनोज श्रीवास्तव और नगर जनगणना अधिकारी ने भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी रणनीतियां साझा कीं। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन से न केवल जनगणना के आंकड़े त्रुटिहीन होंगे, बल्कि प्रशासन के पास शहर के विकास की योजनाएं बनाने के लिए एक सशक्त डेटाबेस भी उपलब्ध होगा।